# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 19.08.2021**

## SATYAJAY TIMES

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाई

## पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का सिलेबस किया जारी

**फरीदाबाद, 18 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने उच्चतर शिक्षा के इच्छुक विद्यार्थियों को मास्टर डिग्री एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले का एक और अवसर दिया है। विश्वविद्यालय ने सभी पीजी एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 31 अगस्त, 2021 तक बढ़ा दिया है। इस बार विश्वविद्यालय ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर छह नये पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के लिए सिलेबस भी जारी किया है। परीक्षा का आयोजन सितंबर के पहले सप्ताह किया जायेगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र से शुरू हो रहे पाठ्यक्रमों में रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक, एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग में बीटेक, जीव विज्ञान में बीएससी, बी.कॉम और सामाजिक कार्य में बीए (ऑनर्स) और एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी शामिल हैं।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काफी उत्साह दिखाया है। विश्वविद्यालय के एडमिशन पोर्टल पर इस बार लगभग 10 हजार विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवा चुके है, जोकि बीटेक को छोड़कर सभी पाठ्यक्रमों की कुल सीटों का लगभग पांच गुणा है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के बीटेक पाठ्यक्रम में दाखिला हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसाइटी (एचएसटीईएस) द्वारा संचालित केंद्रीकृत आनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाता है। बीटेक को छोड़कर शेष सभी यूजी, पीजी और पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिला विश्वविद्यालय स्तर पर किया जाएगा।



निदेशक (एडमिशन्स) डॉ. मनीषा गर्ग ने बताया कि यूजी स्तर पर जिन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं, उनमें भौतिकी, गणित और रसायन विज्ञान में बीएससी (ऑनर्स), जीव विज्ञान में बीएससी, बीसीए, बीबीए, एनिमेशन और मल्टीमीडिया में बीएससी और सामाजिक कार्य में बीए (ऑनर्स) और पत्रकारिता और जनसंचार में बी.ए. शामिल हैं। इसके अलावा, छह बैचलर आफ वाकेशनल (बी.वोक) पाठ्यक्रमों जिनमें इलेक्ट्रिकल, वेब डेवलपमेंट, मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग फाइनेंस सर्विसेज और इंश्योरेंस एंड ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी में बी.वोक शामिल हैं, के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों में दाखिल लेने के इच्छुक विद्यार्थी 31 अगस्त, 2021 तक आवेदन कर सकते है। यूजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा नहीं होगी। दाखिला अंतिम परीक्षा की मैरिट के आधार पर किया जाएगा।

इसी तरह सात एमटेक कोर्स, नौ एमएससी कोर्स, एमसीए, एमबीए और एमए के लिए भी आवेदन आमंत्रित किये गये है। एमटेक पाठ्यक्रमों में मैन्युफैक्चरिंग एवं ऑटोमेशन, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और ड्राइवर, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, वीएलएसआई डिजाइन, और एनर्जी और एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग शामिल हैं। एमएससी पाठ्यक्रमों में फिजिक्स, कैमिस्ट्री, मैथ, एनवायरमेंटल साइंस, बायो टेक्नोलॉजी, बॉटनी, जूलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया शामिल हैं। इच्छुक विद्यार्थी इन पाठ्यक्रमों के लिए अब 31 अगस्त, 2021 तक आवेदन किया जा सकता है। विश्वविद्यालय द्वारा एमए को छोड़कर सभी पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिला के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन सितम्बर के प्रथम किया जायेगा जबकि जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन तथा अंग्रेजी में एमए के पाठ्यक्रमों में दाखिला मेरिट के आधार पर किया जायेगा।

विश्वविद्यालय ने दाखिले से संबंधित पूछताछ के लिए एडमिशन हेल्पलाइन नंबर 8826350209 और ई-मेल helpdesk. acdjcbust @gmail. comभी जारी किया है। पाठ्यक्रमों के लिए पात्रता मानदंड, सीटों की संख्या और प्रवेश परीक्षा इत्यादि से संबंधित जानकारी के लिए दाखिला विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट www. jcboseust. ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 19.08.2021**

**PIONEER**

# जेसी बोस में दाखिले की अंतिम तिथि 31 अगस्त

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने उच्चतर शिक्षा के इच्छुक विद्यार्थियों को मास्टर डिग्री एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले का एक और अवसर दिया है। विश्वविद्यालय ने सभी पीजी एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 31 अगस्त, 2021 तक बढ़ा दिया है। इस बार विश्वविद्यालय ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर छह नये पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। विश्वविद्यालय ने विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के लिए सिलेबस भी जारी किया है। परीक्षा का आयोजन सितंबर के पहले सप्ताह किया जायेगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र से शुरू हो रहे पाठ्यक्रमों में रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक,

## पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का सिलेबस जारी किया

एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग में बीटेक, जीव विज्ञान में बीएससी, बीकॉम और सामाजिक कार्य में बीए (ऑनर्स) और एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी शामिल हैं।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काफी उत्साह दिखाया है। विश्वविद्यालय के एडमिशन पोर्टल पर इस बार लगभग 10 हजार विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवा चुके है, जोकि बीटेक को छोड़कर सभी पाठ्यक्रमों की कुल सीटों का लगभग पांच गुणा है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के बीटेक पाठ्यक्रम में दाखिला हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसाइटी



(एचएसटीईएस) द्वारा संचालित केंद्रीकृत आनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाता है। बीटेक को छोड़कर शेष सभी यूजी, पीजी और पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिला विश्वविद्यालय स्तर पर किया जाएगा।

निदेशक (एडमिशन्स) डॉ. मनीषा गर्ग ने बताया कि यूजी स्तर पर जिन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं, उनमें भौतिकी, गणित और रसायन विज्ञान में बीएससी (ऑनर्स), जीव विज्ञान में बीएससी, बीसीए, बीबीए, एनिमेशन और मल्टीमीडिया में बीएससी और सामाजिक कार्य में बीए (ऑनर्स) और पत्रकारिता और जनसंचार में बीए शामिल हैं। इसके अलावा, छह बैचलर आफ वाकेशनल (बी.वोक) पाठ्यक्रमों जिनमें इलेक्ट्रिकल, वेब डेवलपमेंट, मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग फाइनेंस सर्विसेज और इंश्योरेंस एंड ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी में बी.वोक शामिल हैं, के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों में दाखिल लेने के इच्छुक विद्यार्थी 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते है। यूजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा नहीं होगी। दाखिला अंतिम परीक्षा की मैरिट के आधार पर किया जाएगा।

सात एमटेक कोर्स, नौ एमएससी कोर्स, एमसीए, एमबीए और एमए के लिए भी आवेदन आमंत्रित किये गये है। एमटेक पाठ्यक्रमों में मैन्युफैक्चरिंग एवं ऑटोमेशन, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और ड्राइवर, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, वीएलएसआई डिजाइन, और एनर्जी और एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग शामिल हैं।

**NEWS CLIPPING: 19.08.2021**

**PUNJAB KESARI**

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने दाखिले की तिथि 31 तक बढ़ाई

फरीदाबाद,18 अगस्त (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने उच्चतर शिक्षा के इच्छुक विद्यार्थियों को मास्टर डिग्री एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले का एक और अवसर दिया है। विश्वविद्यालय ने सभी पीजी एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 31 अगस्त, 2021 तक बढ़ा दिया है। इस बार विश्वविद्यालय ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर छह नये पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के लिए सिलेबस भी जारी किया है। परीक्षा का आयोजन सितंबर के पहले सप्ताह किया जायेगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र से शुरू हो रहे पाठ्यक्रमों में रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक, एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग में बीटेक, जीव विज्ञान में बीएससी, बी.कॉम और सामाजिक कार्य में बीए (ऑनर्स) और एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी शामिल हैं।

## पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का सिलेबस जारी किया

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काफी उत्साह दिखाया है। विश्वविद्यालय के एडमिशन पोर्टल पर इस बार लगभग 10 हजार विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवा चुके है, जोकि बीटेक को छोड़कर सभी पाठ्यक्रमों की कुल सीटों का लगभग पांच गुणा है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के बीटेक पाठ्यक्रम में दाखिला हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसाइटी (एचएसटीईएस) द्वारा संचालित केंद्रीकृत आनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाता है। बीटेक को छोड़केर शेष सभी यूजी, पीजी और पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिला विश्वविद्यालय स्तर पर किया जाएगा।

निदेशक (एडमिशन्स) डॉ. मनीषा गर्ग ने बताया कि यूजी स्तर पर जिन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं, उनमें भौतिकी, गणित और रसायन विज्ञान में बीएससी (ऑनर्स), जीव विज्ञान में बीएससी, बीसीए, बीबीए, एनिमेशन और मल्टीमीडिया में बीएससी और सामाजिक कार्य में बीए (ऑनर्स) और पत्रकारिता और जनसंचार में बी.ए. शामिल हैं। इसके अलावा, छह बैचलर आफ वाकेशनल (बी.वोक) पाठ्यक्रमों जिनमें इलेक्ट्रिकल, वेब डेवलपमेंट, मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग फाइनेंस सर्विसेज और इंश्योरेंस एंड ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी में बी.वोक शामिल हैं, के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों में दाखिल लेने के इच्छुक विद्यार्थी 31 अगस्त, 2021 तक आवेदन कर सकते है। यूजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा नहीं होगी। दाखिला अंतिम परीक्षा की मैरिट के आधार पर किया जाएगा।

इसी तरह सात एमटेक कोर्स, नौ एमएससी कोर्स, एमसीए, एमबीए और एमए के लिए भी आवेदन आमंत्रित किये गये है। एमटेक पाठ्यक्रमों में मैन्युफैक्चरिंग एवं ऑटोमेशन, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और ड्राइवर, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, वीएलएसआई डिजाइन, और एनर्जी और एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग शामिल हैं। एमएससी पाठ्यक्रमों में फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ, एनवायरमेंटल साइंस, बायो टेक्नोलॉजी, बॉटनी, जूलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया शामिल हैं। इच्छुक विद्यार्थी इन पाठ्यक्रमों के लिए अब 31 अगस्त, 2021 तक आवेदन किया जा सकता है। विश्वविद्यालय द्वारा एमए को छोड़कर सभी पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिला के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन सितम्बर के प्रथम किया जायेगा जबकि जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन तथा अंग्रेजी में एमए के पाठ्यक्रमों में दाखिला मेरिट के आधार पर किया जायेगा।

विश्वविद्यालय ने दाखिले से संबंधित पूछताछ के लिए एडमिशन हेल्पलाइन नंबर 8826350209 और ई-मेल भी जारी किया है। पाठ्यक्रमों के लिए पात्रता मानदंड, सीटों की संख्या और प्रवेश परीक्षा इत्यादि से संबंधित जानकारी के लिए दाखिला विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

**NEWS CLIPPING: 19.08.2021**

**DAINIK BHASKAR**

# मिशन एडमिशनः जेसी बोस विवि ने दाखिले की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ाई

**फरीदाबाद**| जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने सभी पीजी एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ा दी है। इस बार विश्वविद्यालय स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर छह नए पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के लिए सिलेबस भी जारी कर दिया है। परीक्षा सितंबर के पहले सप्ताह में होगी। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के अनुसार नए शैक्षणिक सत्र से शुरू हो रहे पाठ्यक्रमों में रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक, एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग में बीटेक, जीव विज्ञान में बीएससी, बीकॉम और सामाजिक कार्य में बीए (ऑनर्स) और एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी शामिल हैं। उन्होंने बताया एडमिशन पोर्टल पर इस बार लगभग 10 हजार विद्यार्थी अपना पंजीकरण करा चुके हैं।

**NEWS CLIPPING: 19.08.2021**

**NAVBHARAT TIMES**

# जेसी बोस ने पीजी और पीएचडी में दाखिले की अंतिम तिथि 31 तक बढ़ाई

## पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का सिलेबस जारी

■ वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद

**जेसी बोस** विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) ने उच्चतर शिक्षा के इच्छुक विद्यार्थियों को मास्टर डिग्री व पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले का एक और अवसर दिया है। विश्वविद्यालय ने सभी पीजी व पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 31 अगस्त, 2021 तक बढ़ा दिया है। इस बार विश्वविद्यालय स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 6 नए पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के लिए सिलेबस भी जारी किया है।




परीक्षा का आयोजन सितंबर के पहले सप्ताह किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र से शुरू हो रहे पाठ्यक्रमों में रोबॉटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक, एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग में बीटेक, जीव विज्ञान में बीएससी, बी.कॉम और सामाजिक कार्य में बीए (ऑनर्स) और

■ मास्टर डिग्री व पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले का एक और अवसर

■ इस बार विश्वविद्यालय स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 6 नए पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है

एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी शामिल हैं। विश्वविद्यालय ने दाखिले से संबंधित पूछताछ के लिए एडमिशन हेल्पलाइन नंबर 8826350209 और ई-मेल helpdesk.acdjcbust@gmail.com भी जारी किया है। पाठ्यक्रमों के लिए पात्रता मानदंड, सीटों की संख्या और प्रवेश परीक्षा से संबंधित जानकारी www.jcboseust.ac.in पर उपलब्ध है।

**NEWS CLIPPING: 19.08.2021**

**HINDUSTAN**

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में पीएचडी दाखिले 31 तक

**मौका**

फरीदाबाद | **वरिष्ठ संवाददाता**

जेसी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी गई हैं। उच्चतर शिक्षा के इच्छुक छात्रों के लिए मास्टर डिग्री एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले का एक और अवसर है। विश्वविद्यालय ने सभी पीजी एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 31 अगस्त, 2021 तक बढ़ा दिया है।

**पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के लिए सिलेबस जारी किया :** इस बार विश्वविद्यालय स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर छह नये पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के लिए सिलेबस भी जारी किया है। परीक्षा का आयोजन सितंबर के पहले सप्ताह किया जाएगा।

## इस सत्र से शुरू हो रहे कई नए पाठ्यक्रम

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र से शुरू हो रहे पाठ्यक्रमों में रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक, एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग में बीटेक, जीव विज्ञान में बीएससी, बी.कॉम और सामाजिक कार्य में बीए (ऑनर्स) और एनिमेशन एवं मल्टीमीडिया में एमएससी शामिल हैं। छात्रों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काफी उत्साह दिखाया है। विश्वविद्यालय के एडमिशन पोर्टल पर इस बार करीब 10 हजार छात्र अपना पंजीकरण करवा चुके है, जोकि बीटेक को छोड़कर सभी पाठ्यक्रमों की कुल सीटों का लगभग पांच गुणा है।